माँ मुराद कर पूरी आस रहे ना अधूरी

माँ मुराद कर पूरी आस रहे ना अधूरी,
तेरे दर से जाऊंगा झोली भर के,
शेरोवाली माता देख ले,
आया ऊँचे में पहाड़ तेरे चढ़ के,
शेरोवाली माता देख ले,

आया हूँ मैं द्वार तेरे सुनके महानता,
भूल के मैं राह मैया खाक रहा छानता,
मेरी बिगड़ी बना दे मुझे गले से लगाले,
पार कर दे तू मेरा हाथ धर के,
शेरोवाली माता देख ले......

भरे है भंडार तेरे कमी किस बात की,
खुले दिल से तू सुख भक्तो को बांटती,
रख निश्चय जो आवे उसे ना तू ठुकरावे,
तर जाए माँ पल्लू तेरा पकड़ के,
शेरोवाली माता देख ले......

जिंदगी सवार मेरी सुनले पुकार को,
हरा भरा कर मेरे सुने संसार को,
मुझे दिखे ना किनारा मै तो फिरू मारा मारा,
मार छींटे जो तू मेहर के,
शेरोवाली माता देख ले......

तोड़ा है मुसीबतों ने खुशियो की तार को,
भोग रहा दुःख मेने मान लिया हार को,
आया फिर तू है द्वारे मैया तेरे ही सहारे,
मेने देख लिया जग में अकड़ के,
शेरोवाली माता देख ले.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4551/title/maa-murade-kar-puri-aas-rahe-naa-adhuri-tere-dar-se-jaunga-jholi-bhar-ke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |